**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 196 /13/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023-25/04-परीक्षा/2023**

लखनऊ : दिनांक : 13 नवम्बर, 2025

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-04-परीक्षा/2023, प्रवर्तन कांस्टेबल (सा०च०) मुख्य परीक्षा(प्रा०अ०प०-2022)/04 के अंतर्गत कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन प्रवर्तन कांस्टेबल के कुल रिक्त 477 पदों के सापेक्ष आयोजित लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर मा० आयोग के निर्णय के अनुक्रम में श्रेणीवार चिन्हित कुल 6060 अभ्यर्थियों के शारीरिक मानक / शारीरिक प्रवीणता / दक्षता परीक्षा हेतु परिणाम एवं कटऑफ अंक को मा० आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है।

सूच्य है कि दिव्यांगजन श्रेणी के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने वाले 04 अभ्यर्थी शारीरिक मानक / शारीरिक प्रवीणता / दक्षता परीक्षा हेतु चिन्हित उक्त 6060 अभ्यर्थियों के परिणाम में मेरिट के क्रम में चिन्हित हुए हैं, जबकि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत दिव्यांगजन श्रेणी हेतु पद चिन्हित नहीं हैं। अतः दिव्यांगजन श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करने वाले एवं मेरिट क्रम में चिन्हित उक्त 04 अभ्यर्थियों का अंतिम परिणाम मानकों के अनुरूप स्वस्थता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने एवं अधियाचनकर्ता विभाग के निर्णय के अधीन होगा।

सूच्य है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 12.10.2023 के माध्यम से प्रकाशित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम के अनुसार कम्प्यूटर प्रवीणता परीक्षा (भाग-2) में न्यूनतम 17 अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को ही कम्प्यूटर प्रवीणता परीक्षा में उत्तीर्ण मानते हुये लिखित परीक्षा के भाग-1 के स्कोर के आधार पर शारीरिक मानक / शारीरिक प्रवीणता / दक्षता परीक्षा हेतु उक्त 6060 अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट करने की कार्यवाही की गयी है।

सूच्य है कि प्रश्नगत पद के लिये शारीरिक मानक / शारीरिक प्रवीणता / दक्षता परीक्षा माह फरवरी, 2026 में आयोजित की जानी संभावित है।

प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत रिक्त पदों पर चयन के लिये लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर शारीरिक मानक / शारीरिक प्रवीणता / दक्षता परीक्षा हेतु चिन्हित 6060 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-1172/गोपन/01/01/2024/2025, दिनांक 13.11.2025 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

13/11/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।**

संख्याः— 1172/गोपन/01/01/2024/2025
लखनऊः दिनांक 13 नवम्बर, 2025

आयोग के विज्ञापन संख्या—04—परीक्षा/2023, प्रवर्तन कांस्टेबल (सा0च0) मुख्य परीक्षा—(प्रा0अ0प0—2022)/04 के अंतर्गत आयोजित लिखित परीक्षा के आधार पर चयन के अगले चरण शारीरिक मानक/शारीरिक प्रवीणता/दक्षता परीक्षा हेतु चिन्हित अभ्यर्थियों का श्रेणीवार कट ऑफ अंक—

**लम्बवत आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी | कटऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 34.00 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 34.00 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 34.00 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 34.00 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (EWS) | 34.00 |

**क्षैतिज आरक्षण**

| क्र0सं0 | श्रेणी | कटऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | 30.00 |
| 2 | भूतपूर्व सैनिक | 22.00 |
| 3 | महिला | 13.75 |
| 4 | उत्कृष्ट खिलाड़ी | वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं। |
| 5 | दिव्यांगजन | पद दिव्यांगजन हेतु चिन्हांकित नहीं है। |

13/11/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।